एक नजर

खाद्य विश्लेषक के पद चयनित हुए जितेन्द्र

महमूदाबाद (सीतापुर)। सीता इंटर कालेज के पुरातन छात्र जितेंद्र निषाद का खाद्य विश्लेषक के पद पर चयन हुआ है। मध्यम वर्ग परिवार से ताल्लुक रखने वाले जितेंद्र ने लखनऊ में रहकर दोस्तों की मदद से सात से आठ घंटे पढ़ाई करके यह मुकाम हासिल किया गया। थानगांव के रानीपुर कोड़र के राधेश्याम के बेटे जितेंद्र निषाद अपने मामा रामपुर मथुरा के कैलाश निषाद के घर पर रहकर पढ़ाई करते थे। कक्षा छह से इंटर तक की पढ़ाई उन्होंने रामपुर मथुरा स्थित सीता इंटर कालेज की शाखा से की और उसके बाद लखनऊ में रहकर पढ़ाई के साथ तैयारी करने लगे। वर्ष 2014 में उनकी शादी हो गई और एक बेटा भी है। जितेंद्र का चयन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन में खाद्य विश्लेषक के पद पर हुआ है। जितेंद्र अपनी सफलता का श्रेय सीता इंटर कालेज के गुरूजनों के साथ तैयारी में सहयोग करने वाले मित्रों व पतनी के साथ अन्य परिजनों को देते हैं। परिवार में माता-पिता, पत्नी व बच्चे के साथ वे दो भाई व चार बहने हैं। जितेंद्र की सफलता पर सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय वाजपेयी, वागीश दिनकर, आरजे वर्मा, राकेश शुक्ल, यशपाल वर्मा, प्रांजल, वीके शुक्ल सहित कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।

जनसेवा केन्द्र से 1.37 लाख बटोर ले गये चोर

महमूदाबाद (सीतापुर)। सिरौली पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बेखौफबदमाशों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने यहां एक दुकान से जन सुविधा केंद्र से शटर तोड़कर करीब सवा लाख की नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। महमूदाबाद के सदरवा के जहूर की सिरौली चौराहे पर रखी लोहे की दुकान के ताले बदमाशों ने तोड़े और वहां से हथौड़ी, छेनी, रिंच समेत अन्य लोहे के औजार चोरी कर लिए। इसी दुकान के पास स्थित राकेश जन सुविधा केंद्र के ताले बदमाशों ने तोड़ दिए। संचालक सम्राट सिंह पुत्र सुदर्शन प्रसाद ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 9रू57 बजे उन्हें फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि उनकी दुकान का ताला टूटा है। वह मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर आधा खुला हुआ था और दुकान के ऊपर रखा तिरपाल का छप्पर नीचे गिरा पड़ा था। सम्राट सिंह के मुताबिक दुकान में रखी एक लाख 37 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। सरैंया बलदेव सिंह के संतोष कुमार पुत्र स्वर्गीय गजराज की दुकान के पूर्व दिशा की ओर लगा एक ताला अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया, जबकि पश्चिम दिशा की ओर लगा दूसरा ताला तोड़ने में चोर नाकाम रहे। इसके चलते उनकी दुकान का कोई सामान चोरी नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलते ही महमूदाबाद क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, अपराध निरीक्षक दया शंकर पुलिस व फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की। सीओ कपूर कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में केस दर्जकर साक्ष्य संकलित करते हुए जांच की जा रही है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया गया स्वागत



रेउसा (सीतापुर)। विकासखंड रेउसा स्थित बीआरसी कार्यालय में गुरुवार 26 नवंबर को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के आगमन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई रेउसा की ओर से औपचारिक भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की शैक्षिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने, विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा शिक्षकों की भूमिका को प्रभावी बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने शिक्षा के क्षेत्र में विकासखंड रेउसा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने भी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव महामंत्री राजेंद्र शुक्ल कोषाध्यक्ष नासिर अली कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग गुप्ता उपाध्यक्ष महेंद्र यादव संगठन मंत्री राजेश कुमार राजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अक्षयबर राकेश कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्थानांतरण, ओदार चौकी इंचार्ज अभिषेक को दी गई विदाई

निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी कोतवाली परिसर में गुरुवार को ओदार चौकी इंचार्ज अभिषेक राय के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। उनका तबादला नगर कोतवाली क्षेत्र की मंडी चौकी में किया गया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुदर्शन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पुलिसकर्मियों ने अभिषेक राय को माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर विदाई दी। प्रभारी निरीक्षक ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि स्थानांतरण पुलिस सेवा की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने अभिषेक राय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निरीक्षक सुधाकर यादव सहित कोतवाली के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में महिलाओं के बीच मारपीट वीडियो वायरल पुलिस कर रही जांच

निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिलेहटी में बच्चों के आपसी विवाद को लेकर गुरुवार को महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। मामले में एक महिला ने थाने में तहरीर देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वीडियो भी वायरल हुआ। गांव निवासी यासमीन पत्नी मुस्ताक अली के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे बच्चों के विवाद को लेकर कुछ लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदर्शन सिंह ने बताया कि महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ था। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

170 दैनिक श्रमिकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल



सिधौली (सीतापुर)। राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र नीलगांव के करीब 170 दैनिक श्रमिकों ने बुधवार से दो सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी।

श्रमिकों के हड़ताल पर जाने से प्रक्षेत्र का कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने हाथों में मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर नारेबाजी की। श्रमिकों की पहली मांग है कि 31 दिसंबर 2001 के बाद से कार्यरत सभी दैनिक कर्मचारियों का विनियमितीकरण किया जाए अथवा विभागीय समायोजन कर चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति दी जाए। दूसरी मांग वर्तमान दैनिक मजदूरी 252 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये करने की है। श्रमिकों का कहना है कि महंगाई के दौर में मौजूदा मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण मुश्किल है।

उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने तक हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शन में यूनियन अध्यक्ष हरिशंकर, महामंत्री राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व श्रमिक मौजूद रहे।

सिद्धेश्वर नगर के निर्माणाधीन मकान में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सिधौली (सीतापुर)। कमलापुर थाना क्षेत्र के पैसिया गांव निवासी 26 वर्षीय मजदूर की गुरुवार सिधौली कस्बा के निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

वह कस्बे के सिद्धेश्वर नगर मोहल्ले में पानी की टंकी के निकट तालाब किनारे बन रहे एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने अपने साथियों के साथ गया था। जानकारी के अनुसार अमित कुमार पुत्र रामदास गुरुवार को गांव के ही विजय और बिश्नू के साथ दिहाड़ी मजदूरी करने पहुंचा था। इसी दौरान दोनों साथी निर्माण सामग्री लेने के लिए कहीं चले गए। वापस लौटने पर अमित मकान के बाहर मुख्य गेट के पास पड़ा मिला। उसे इस हालत में देखकर साथियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

आनन-फानन में 108 एंबुलेंस की मदद से अमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती तौर पर युवक को करंट लगने की आशंका जताई गईं। हालांकि चिकित्सकों ने करंट लगने की पुष्टि नहीं की। इसके बाद मौत को संदिग्ध परिस्थितियों में होना बताया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गईं।

पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष के घर एक लाख की नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी

बिसवां नगर (सीतापुर)। बिसवां कस्बे में चोरों ने बीती बुधवार की देर रात पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता के घर को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। वारदात के समय परिवार के लोग एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। घर सूना पाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शंकरगंज निवासी पंकज गुप्ता जो निवर्तमान भाजपा नगर अध्यक्ष के घर बुधवार देर रात जब परिवार एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने बहराइच गया था और देर रात करीब 3.12 बजे जब परिवार वापस लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर पहुंचने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों आदि को खंगाला गया था। जांच करने पर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब मिली। चोरी की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। मकान में चोरों ने अलमारियों और लॉकर के ताले भी तोड़ दिए।

शुरुआती जानकारी के अनुसार चोरी गए जेवरात की कीमत करीब 20 से 25 लाख रुपये बताई जा रही है। इस तरह चोर करीब 21 से 26 लाख रुपये का माल समेट ले गये। हालांकि चोरी गए सामान का अंतिम आकलन होना बाकी है।

परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी का खुलासा करने की मांग की गई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। बिसवां क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष के घर हुई लाखों की इस चोरी ने एक बार फिर नगर की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस बड़ी वारदात का खुलासा कर चोरों तक कब पहुंचती है।

सपा कार्यालय पर संविधान दिवस के मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। गुरुवार समय 12 बजे जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहारबाग सीतापुर में संविधान दिवस के मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी का संचालन जयसिंह यादव ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ सर्वप्रथम संविधान पर माल्यार्पण किया और उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकार्ताओं को संविधान दिवस की बधाई दी।

26 नवंबर का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था। भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने देश को ऐसा संविधान दिया। जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। संविधान की प्रस्तावना में निहित समाजवाद, पंथनिरपेक्षता, लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता के मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। श्री सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, आरक्षण, समानता और च्च। समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है।

मोदी और योगी सरकार में 4029 अम्बेडकर स्मारकों व पार्कों का करा रही सौंदर्यीकरण

सेउता (सीतापुर)। संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम सेउता में स्थित अम्बेडकर स्मारक स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने विधि-विधान से किया। शिलान्यास के बाद मंच से संबोधित करते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि योगी और मोदी सरकार पूरे प्रदेश में 4,029 अम्बेडकर स्मारकों और पार्कों का सामूहिक रूप से सौंदर्यीकरण करा रही है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर शिलान्यास किए जा रहे हैं तथा 3,955 स्थानों पर कार्य आरंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न सम्मान भाजपा के समर्थन वाली अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय प्रदान किया गया था। सपा पर हमलावर होते हुए श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व की सपा सरकार ने मायावती के कार्यकाल में महापुरुषों के नाम पर बनाए गए जिलों के नाम बदल दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दलित महिला होने के कारण बहन जी पर सपा सरकार के समय जानलेवा हमला हुआ और आज वही लोग स्वयं को दलित हितैषी बता रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण एलसीडी के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को दिखाया और सुनाया गया।

खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में रातभर गूंजे भजन, फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु



खुटार। बुधवार की रात नगर की धरती श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति और भजनों की मधुर धुनों से गुंजायमान हो उठी। श्री श्याम परिवार खुटार की ओर से मां पंथवारी रोड पर आयोजित भव्य संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक चले भजन-कीर्तन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु बाबा की भक्ति में लीन होकर नाचते-झूमते रहे। कार्यक्रम में देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां, फूलों की होली और दो गरीब कन्याओं का विवाह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा की पावन ज्योति के समक्ष श्रद्धालुओं द्वारा माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करने के साथ हुआ। शक्ति म्यूजिकल ग्रुप के प्रसिद्ध गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। वृंदावन से पधारे परम पूज्य श्री प्रेमानंद जी महाराज के शिष्य अमन मिश्री जी महाराज ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल श्याममय हो गया। %ऐसी होरी तोहे खिलाऊं, दूध छठी को तोहे याद दिलाऊं% जैसे भजनों पर श्रद्धालु तालियों की गूंज के बीच झूमते नजर आए। शाहजहांपुर से आए झांकी ग्रुप के कलाकारों ने देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। भगवान श्रीकृष्ण का गोपिकाओं के साथ नृत्य विशेष आकर्षण रहा। किशोरी कनिष्का ने भी मधुर भजनों से भक्तिमय माहौल बना दिया। इसके बाद आयोजित फूलों की होली में श्रद्धालुओं ने जमकर फूल बरसाए और गुलाल उड़ाकर उत्सव का आनंद लिया।**दो गरीब कन्याओं के हाथ हुए पीले**संकीर्तन महोत्सव के दौरान श्री श्याम परिवार की ओर से दो गरीब कन्याओं का विवाह कराकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई। इसमें खुटार के मोहल्ला कोट (नौगवां) निवासिनी सुनैना पुत्री रामनिवास का विवाह जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम झकरा पिपरिया कसान निवासी संजय पुत्र रियुती के साथ कराया गया। वहीं, खुटार थाना क्षेत्र के ग्राम सरेली निवासिनी रचना देवी पुत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव का विवाह जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम महुरेना निवासी प्रिंस के साथ संपन्न हुआ। इस पहल की श्रद्धालुओं ने सराहना की। गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में श्री खाटू श्याम बाबा की पावन ज्योति को राजस्थान स्थित खाटू धाम के लिए रवाना किया गया। पूरे आयोजन में श्री श्याम परिवार खुटार के सेवादार सेवा और व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

एक नजर

हटाए गए अनाधिकृत ऑटो स्टैंड , 33 वाहनों के चालान और 10 सीज



बाराबंकी। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने जिले में अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान में बिना टैक्स, फिटनेस, परमिट, बीमा, ओवरलोडिंग, नो-पार्किंग, तीन सवारी, काली फिल्म और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के बिना टैक्स, फिटनेस, परमिट, बीमा, ओवरलोडिंग, नो-पार्किंग, तीन सवारी, काली फिल्म और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में 33 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 10 वाहनों को सीज कर थानों में निरुद्ध कराया गया।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि यात्री मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी की टीम ने मालवाहक और यात्री वाहनों के दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई की। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को भी कार्रवाई के दायरे में लिया गया।वहीं, एआरटीओ प्रशासन अमिताभ राय और यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने पटेल तिराहा, निर्वाचन कार्यालय और सीडीओ आवास के पास संचालित अनाधिकृत ऑटो स्टैंड हटवाए। अधिकारियों ने वाहन चालकों से टैक्स, फिटनेस, परमिट और बीमा सहित सभी जरूरी दस्तावेज दुरुस्त रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

संविधान दिवस पर निंदूरा में हुए विविध आयोजन, बाबा साहब को किया नमन



निंदूरा, बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा क्षेत्र में गुरुवार को संविधान दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया।ग्राम पंचायत कुर्सी के बबुरिहा गांव में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रीश रावत ने कहा कि संविधान देश की एकता और अखंडता की रीढ़ है। बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करके ही सशक्त और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है।वहीं राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में प्रधानाचार्य और शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ ली। इस दौरान विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करना ही सच्ची देशभक्ति है।

चारधाम यात्रा से लौटे ग्राम प्रधान, सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा



मसौली, बाराबंकी। चारधाम की यात्रा से लौटे ग्राम पंचायत चंदवारा के प्रधान रमेशचंद्र जायसवाल एवं उनकी पत्नी सुनीता जायसवाल के संयोजन में गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।कलश यात्रा चंदवारा से शुरू होकर रानीगंज और सफदरगंज होते हुए कल्याणी नदी के बदोसराय रोड पहुंची। यहां अयोध्या से आए परमहंस गोविंद जी महाराज के सानिध्य में नैमिष धाम से पहुंचे आचार्य ऋषि शुक्ला शास्त्री, वीरेंद्र दीक्षित, कृष्णा शुक्ला और कन्हैया शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद यात्रा वापस कथास्थल पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश स्थापना की गई। डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते रहे और अबीर-गुलाल उड़ाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार जायसवाल,उत्तम चंद्र जायसवाल, देव नारायण जायसवाल, गौरव जायसवाल,देवेंद्रजायसवाल,दीपक जायसवाल, जितेंद्र कुमार जायसवाल, राजकरन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

संविधान हमारी गरिमा और अधिकारों का आधार - हाफिज अयाज अहमद



बाराबंकी। राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों पर चर्चा की गई।गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है, जो समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है। इसमें निहित मौलिक अधिकार और कर्तव्य ही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार भारतीय संविधान को संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया था। संविधान केवल कागज पर लिखा दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारा जीवन दर्शन है। इसकी रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है, क्योंकि इसी ने प्रत्येक नागरिक को गरिमा और अधिकार प्रदान किए हैं।विचार गोष्ठी में जिला महासचिव हिमांशु यादव, राजेंद्र कुमार वर्मा पप्पू, जितेंद्र पटेल, सुरेश चंद्र गौतम, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, नसीम कीर्ती, यशवंत सिंह यादव, ललित कुमार मिश्रा बाबुल, संदीप प्रजापति, मोहम्मद मेराज, अजीत सिंह यादव, लल्ला यादव, मोहम्मद आफाक, तालिब जमाल, मुशर्रफ कुरैशी, अकरम प्रधान, ललित यादव, अमित यादव और निशाद अहमद सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। **रामनगर** संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रदेश सरकार की डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत ग्राम पंचायत तेलियानी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा स्थल के विकास कार्यों का विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने पूजन कर शिलान्यास किया।इस दौरान लोक भवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब के सामाजिक न्याय समानता शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।इस मौके पर ग्रामीणों के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

साईं अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत



सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के मिश्रिख मार्ग स्थित निजी साईं अस्पताल में प्रसव के बाद 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला ने ऑपरेशन से बच्ची को जन्म दिया था। इसके कुछ घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। दर्द की शिकायत पर इंजेक्शन लगाए जाने के बाद महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार अटरिया थाना क्षेत्र के नीलगांव निवासी नफीस अपनी पत्नी रोशन जहां का 13 नवंबर से साईं हॉस्पिटल में इलाज करा रहे थे। अस्पताल की ओर से 24 नवंबर को ऑपरेशन से प्रसव की तारीख दी गई थी। मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे। लखनऊ से चिकित्सक को बुलाकर ऑपरेशन किया गया। जिसके बाद रोशन जहां ने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि बुधवार तड़के करीब चार बजे महिला को तेज दर्द होने लगा। स्टाफको जानकारी देने के बावजूद शुरुआत में ध्यान नहीं दिया गया। बाद में स्टाफनर्स ने इंजेक्शन लगाया। इसके कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधक डॉ. जयेंद्र दीक्षित ने महिला की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि ऑपरेशन सर्जन डॉ. आलोक द्विवेदी ने किया था। इस दौरान अनीश, बेहोशी के चिकित्सक डॉ. आनंद और टेक्नीशियन अनुज भी मौजूद थे। हालांकि मौत के कारणों और अन्य सवालों पर उन्होंने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। पति नफीस ने निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।